भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1334**

**14 दिसम्बर, 2022 के लिए प्रश्न**

**अनाज वितरण नीति का विस्तार**

**1334. श्री संजय काका पाटील:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत अनाज वितरण की नीति को अगले वर्ष तक के लिए बढ़ाना चाहती है;

(ख) यदि हां, तो गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) और गरीबी रेखा से ऊपर (एपीएल) के राशन कार्डधारकों को कितना अनाज वितरित किए जाने की संभावना है; और

(ग) वर्ष 2021-22 में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र में राशन वितरण का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(साध्वी निरंजन ज्योति)**

**(क) और (ख):** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) पहले से ही दिसम्बर, 2022 (चरण-VII) तक विस्तारित है। केवल अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) और प्राथमिकता वाले परिवारों (पीएचएच) की श्रेणियों के तहत आने वाले लगभग 80 करोड़ एनएफएसए लाभार्थी पीएमजीकेएवाई के अंतर्गत लाभ प्राप्त करते हैं।

**(ग):** वर्ष 2021-22 के दौरान पीएमजीकेएवाई के अंतर्गत महाराष्ट्र द्वारा 33,67,919.00 टन खाद्यान्नों का वितरण किया गया है। विवरण निम्नानुसार हैः-

| अवधि | वितरित मात्रा (टन में) |
|---|---|
| मई-जून 2021 (चरण-III) | 6,36,508 |
| जुलाई-नवंबर 2021 (चरण-IV) | 15,53,933 |
| दिसम्बर,2021-मार्च 2022 (चरण-V) | 11,77,479 |

*****